**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 23.04.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **तीस अप्रैल को होगा छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र–नारी शक्ति वंदन विधेयक पर विपक्ष के विरोध को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा।**
- **सुशासन तिहार और जनगणना जैसे कार्यों के बीच प्रदेश के शासकीय कर्मचारी बिना स्वीकृति के नहीं ले सकेंगे अवकाश।**
- **बढ़ती गर्मी के बीच व्यापमं ने परीक्षाओं के समय में किया बदलाव।**
- **रायपुर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने आदेश दिया है कि कोई भी मॉल, उपभोक्ताओं से पार्किंग शुल्क की मांग नहीं कर सकता।**

**विधानसभा–विशेष सत्र**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का एकदिवसीय विशेष सत्र तीस अप्रैल को नवा रायपुर अटल नगर स्थित नए विधानसभा भवन में आयोजित किया जाएगा। इस सबंध में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने आदेश जारी कर दिया है। इस विशेष सत्र में महिला आरक्षण और परिसीमन संबंधी मुद्दों के निपटान को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा का नौवां सत्र होगा, जिसमें एक बैठक होगी। आदेश में कहा गया है कि सत्र के दौरान सरकारी कामकाज का संचालन किया जाएगा।

**शासकीय कर्मचारी–अवकाश निर्देश**

सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के लिए निर्देश जारी कर कहा है कि सुशासन तिहार और जनगणना जैसे कार्यों के बीच बिना स्वीकृति के कोई भी शासकीय कर्मचारी अवकाश नहीं ले सकेगा। निर्देश में कहा गया है कि बिना पूर्व स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित रहना स्वैच्छिक अनुपस्थिति मानी जाएगी और इसे सेवा नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। सभी शासकीय सेवक को आकस्मिक अवकाश की स्थिति में भी दूरभाष या डिजिटल माध्यम से सूचना देना होगा, जिसकी लिखित पुष्टि कार्यालय आने के बाद करनी होगी। इसके अलावा लंबे अवकाश पर जाने से पहले संबंधित शासकीय सेवक को अपना कार्यभार अन्य कर्मचारी को सौंपना होगा।

**व्यापमं–परीक्षा समय**

बढ़ती गर्मी के बीच छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं ने परीक्षाओं के समय में बदलाव किया है। अब तक परीक्षाएं सुबह ग्यारह बजे से दोपहर सवा एक बजे तक आयोजित की जाती थीं। लेकिन, नए आदेष के अनुसार सभी आगामी परीक्षाएं सुबह दस बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक होंगी। यह नया समय छब्बीस अप्रैल से लागू होगा और अगले आदेष तक प्रभावी रहेगा।

**सीबीएसई–दसवीं परीक्षा**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई दसवीं परीक्षा का दूसरा चरण पंद्रह मई से आयोजित करेगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और जो विद्यार्थी पहले चरण में प्राप्त अपने अंक सुधारना चाहते हैं, वे इसमें शामिल हो सकते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्ही तीन विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए परीक्षा दे सकते हैं।

**मुख्यमंत्री–सचिन तेंदुलकर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र छिंदनार गांव में क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के आगमन को बदलते हुए बस्तर की सषक्त पहचान बताया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह की पहल बस्तर के युवाओं को नई दिषा देगी और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। गौरतलब है कि सचिन तेंदुलकर ने कल दंतेवाड़ा जिले के छिंदनार गांव में फाउंडेषन द्वारा निर्मित मल्टी स्पोर्ट्स गाउंड का लोकार्पण किया।

**राज्यपाल–जांच शिविर**

राज्यपाल रमेन डेका ने बलरामपुर जिले के धनेशपुर गांव में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष जांच शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि वे इस गांव में आपसी समन्वय के साथ शिविर लगाकर दिव्यांग बच्चों की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परीक्षण और उनकी स्थिति का आंकलन करें। साथ ही दिव्यांगता के संभावित कारणों का पता लगाने के लिए सर्वे और चिकित्सकीय अध्ययन भी कराए जाएं। शिविर के दौरान जरूरतमंद बच्चों को सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट–अमित जोगी**

सर्वोच्च न्यायालय ने आज छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी की दोषसिद्धि और उम्रकैद की सजा पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि इससे पहले रामअवतार जग्गी की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट द्वारा उन्हें बरी किए जाने के फैसले को पलट दिया था।
उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अमित जोगी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

**महानदी–जल बंटवारा**

महानदी के जल बंटवारे पर छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच जारी विवाद पर बीते बीस अप्रैल को ट्रिब्यूनल ने सुनवाई की। यह सुनवाई उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीष बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता में गठित ट्रिब्यूनल ने की। ट्रिब्यूनल ने दोनों राज्यों को दस दिन के भीतर महानदी बेसिन में जल उपलब्धता के ताजा आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देष दिए। इस मामले की अगली सुनवाई दो मई को होगी।

**मॉल पार्किंग–शुल्क वसूली**

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायपुर की अतिरिक्त पीठ ने आदेश दिया है कि कोई भी मॉल पार्किंग के लिए उपभोक्ताओं से पार्किंग शुल्क की मांग नहीं कर सकता है। आयोग ने कहा है कि मॉल को उपभोक्ताओं के लिए निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करना होगा। अधिवक्ता अंजिनेश शुक्ला की शिकायत पर जिला प्रतितोष आयोग ने यह फैसला सुनाया है। आदेश में आयोग ने कहा है कि मॉल में दोपहिया और चारपहिया वाहनों से आने वाले लोगों के लिए मॉल में पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है, इसलिए मॉल को किसी भी प्रकार का पार्किंग शुल्क लेने का अधिकार नहीं है।

**गंगरेल बांध–पानी**

भीषण गर्मी के बीच निस्तारी संकट को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने धमतरी जिले में स्थित गंगरेल बांध के दो गेट खोलकर पांच हज़ार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा है। यह पानी रूद्री बैराज के माध्यम से महानदी मुख्य नहर और सहायक नहरों से गांवों तक पहुंच रहा है। इससे धमतरी सहित बालोद, बलौदाबाजार और रायपुर में जल संकट कम होगा। गंगरेल बांध में लगभग उनहत्तर प्रतिषत जलभराव बना हुआ है, जो गर्मी के लिए पर्याप्त माना जा रहा है।

**पत्थलगांव–कुनकुरी/सड़क निर्माण**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पत्थलगांव–कुनकुरी से छत्तीसगढ़–झारखंड सीमा तक तीन हजार एक सौ सैंतालीस करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। छह सौ किलोमीटर से अधिक लंबे रायपुर–धनबाद इकोनॉमिक कॉरिडोर का सबसे महत्वपूर्ण और विषाल हिस्सा छत्तीसगढ़ से होकर गुजरता है। कोरबा परियोजना इकाई के परियोजना निदेषक डी.डी. पार्लावर ने बताया कि यह राजमार्ग छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच इंटर–स्टेट कनेक्टिविटी और व्यापारिक परिवहन को नई मजबूती देगा।

**एचपीवी टीकाकरण अभियान**

किषोरी बालिकाओं को गंभीर बीमारी से बचाने के लिए रायपुर जिले सहित प्रदेष के विभिन्न जिलों में एचपीवी टीकाकरण अभियान पिछले सत्रह मार्च से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रायपुर जिले में अभनपुर, गोबरा–नवापारा, आरंग, मंदिर हसौद, धरसींवा, तिल्दा, खरोरा सहित मातृ तथा षिषु अस्पताल कालीबाड़ी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अस्पताल के साथ एम्स रायपुर में यह टीका निःषुल्क लगाया जा रहा है। यह टीकाकरण विषेष रूप

से उन किषोरियों के लिए है, जिन्होंने चौदह वर्ष की आयु पूरी कर ली है। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेष चौधरी ने अभिभावकों से अपनी बालिकाओं को यह टीका लगवाने की अपील की है।

**युविका कार्यक्रम**

धमतरी जिले के दो विद्यार्थी – नेहा साहू और मयंक साहू का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम–"युविका" के लिए हुआ है। इसके तहत मयंक और नेहा को इसरो के विभिन्न केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जहां वे रॉकेट तकनीक, उपग्रहों की कार्यप्रणाली और अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियों को करीब से समझेंगे। मयंक साहू वर्तमान में लोहरसी स्थित केंद्रीय विद्यालय में कक्षा दसवीं के छात्र हैं। वहीं, नेहा साहू कुरूद स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में अध्ययनरत् हैं। गौरतलब है कि युविका कार्यक्रम का उद्देश्य अंतरिक्ष तकनीक, विज्ञान और अनुप्रयोगों के प्रति युवाओं में रुचि बढ़ाना है। दो सप्ताह के इस आवासीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाती है।

**विशेष कार्यक्रम**

"नक्सलवाद के अंत के बाद संभावनाएं और चुनौतियां" विषय पर प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी, रायपुर द्वारा तैयार किए गए विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल चौबीस अप्रैल को सुबह दस बजे से किया जाएगा। तीस मिनट अवधि के इस कार्यक्रम का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ करेंगे।

**दुर्घटना**

मुंगेली जिले के फास्टरपुर थाना क्षेत्र स्थित दाबो नवोदय विद्यालय के पास बीती रात हुए सड़क हादसे में एक दंपत्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लगरा गांव निवासी एक दंपत्ति अपनी बेटी की शादी के लिए आवश्यक सामान खरीदकर मुंगेली से लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, चारपहिया वाहन भी पलट गया।

**मौसम**

मौसम विभाग ने मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर कल चौबीस अप्रैल से सत्ताईस अप्रैल तक लू चलने की चेतावनी दी है। अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। बीते चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में सबसे अधिक चवालीस डिग्री सेल्सियस तापमान राजनांदगांव में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम उन्नीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान अंबिकापुर में रहा। कल राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान चवालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और विनियमन संबंधी नियम को अधिसूचित कर दिया है। यह नियम एक मई से लागू होगा।

– केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का आदेष जारी कर दिया है। आदेष के मुताबिक महंगाई भत्ते की दरें एक जनवरी, दो हजार छब्बीस से मूल वेतन के अंठावन प्रतिषत से बढ़ाकर साठ प्रतिषत कर दी जाएंगी।

– पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संभावित वृद्धि से संबंधित कुछ समाचारों का खंडन किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

– उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट आज सुबह छह बजकर पंद्रह मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

– अंबिकापुर में आज एक पटाखा गोदाम में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>